# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नवनियुक्त उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा आज शपथ ग्रहण करेंगे।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया–2026 के पांचवें संस्करण का उद्‌घाटन करेंगे।
3. द्वीप प्रशासन के प्रशिक्षण प्रभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रैन्टिशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।
4. द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खेल और युवा मामले विभाग 19 सितंबर, को आइलैंड साइक्लिंग टूर का आयोजन करेगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नवनियुक्त उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा आज शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह आज दिन में साढ़े ग्यारह बजे से आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम के आधिकारिक यूट्यूब चैनल **@ddksrivijayapuram** पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण टेरेस्ट्रियल और सैटेलाइट मोड पर भी उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया–2026 के पांचवें संस्करण का उद्‌घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में छह देशों और बारह राज्य सरकारों के पवेलियन और एक विशेष स्टार्टअप पवेलियन होगा। सेमीकॉन इंडिया भारत का प्रमुख सेमीकंडक्टर सम्मेलन और प्रदर्शनी है। इसका संयुक्त आयोजन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सेमी मिलकर आयोजित करते हैं। तीन दिन के सम्मेलन में पैनल चर्चाएं और महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें सेमीकंडक्टर विनिर्माण और प्रौद्योगिकी सहित सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के उभरते रुझानों और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

<><><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि बैंक यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई और रू–पे द्वारा संचालित डेबिट कार्ड से दो हजार रुपये तक के लेनदेन या भुगतान पर शुल्क नहीं लगा सकते। सरकारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार कोई भी बैंक या पेमेंट सिस्टम प्रदाता इन माध्यमों से लेनदेन करने वाले व्यक्ति पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शुल्क नहीं लगा सकता। वित्त मंत्रालय ने यूपीआई लेनदेन पर शुल्क संबंधी नियमों को स्पष्ट करने के लिए भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम के अंतर्गत इन परिवर्तनों को अधिसूचित किया है। इसमें विशेष रूप से रू–पे द्वारा संचालित डेबिट कार्ड और यूपीआई से दो हजार रुपये तक के लेनदेन को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पिछले महीने, सरकार ने स्पष्ट किया था कि उपभोक्ताओं से यूपीआई भुगतान पर शुल्क नहीं लिया जाएगा। भविष्य में लागू होने वाली कोई भी व्यापारी छूट दर –एमडीआर निर्दिष्ट सीमा से ऊपर के चुनिंदा लेनदेन तक ही सीमित रहेगी। ये शुल्क डेबिट या क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर लागू एमडीआर से काफी कम होंगे।

<><><><><><><><>

द्वीप प्रशासन के प्रशिक्षण प्रभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रैन्टिशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला अट्‌ठारह सितम्बर को सुबह नौ बजे से तीनों ज़िलों के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित होगा। इस मेले का उद्‌देश्य अप्रैन्टिस प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, संस्थानों और भावी प्रशिक्षुओं के बीच संवाद को सुगम बनाना, प्रशिक्षण प्राप्त करने के अवसर

प्रदान करना है। प्रशासन ने सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी प्रतिष्ठानों, लघु एवं मध्यम उद्यमों जैसे विभिन्न संस्थानों से इस मेले में भाग लेने की अपील की है। जिन संस्थानों ने अब तक प्रशिक्षुओं को नियुक्त नहीं किया है, उन्हें विशेष रूप से मेले में भाग लेने को कहा गया है। मेले में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार अप्रैन्टिस इंडिया पोर्टल पर अपने नाम पंजीकृत कर सकते हैं। उम्मीदवारों को मेले में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है ।

<><><><><><>

द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खेल और युवा मामल विभाग, शिक्षा निदेशालय, सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय तथा साई के सहयोग से 19 सितंबर, को आइलैंड साइक्लिंग टूर–2026 का आयोजन करेगा। यह साइक्लिंग टूर सुबह 9 बजे सेल्यूलर जेल से शुरू होकर जलक्रीड़ा परिसर, फ्लैग प्वाइंट, कार्बाइंस कोव समुद्री तट, ऑस्टिनाबाद, प्रातरापुर, भातूबस्ती, गाराचरमा, सिप्पीघाट, छोलदारी, टुसनाबाद, फरारगंज, जिरकाटांग, होते हुए वापस → फरारगंज से नयापुरम, कन्यापुरम, विम्बर्लीगंज, बम्बूफ्लाट जेट्टी से वाहन फेरी द्वारा श्री विजयपुरम पहुचेंगे। इच्छुक प्रतिभागी प्रवेश और घोषणा फॉर्म भर कर 18 सितंबर, शाम 5 बजे तक नेताजी स्टेडियम में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए, प्रतिभागी 9434–290–640 और 9474–229–201 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग कल से इक्कीस सितम्बर तक सिलेक्शन पोस्ट परीक्षा का आयोजन करने जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के ई–प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

पशु चिकित्सा अस्पताल, गाराचरमा की ओर से हाल ही में न्यू विम्बलीटान और सिपीघाट के पशुपालकों को छः हजार पांच सौ सुपर नेपियर तने की कटिंग और पशु पुष्टि किट का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य पशुपालकों के बीच चारा खेती को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालकों को सुपर नेपियर चारे की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज संस्था के सदस्य मणिवन्नन उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से अंडमान निकोबार राज्य शतरंज चैंपियनशिप में पूरे द्वीपसमूह से लगभग 240 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें चार वर्ष से लेकर सत्तर वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में क्लासिकल प्रारूप में नौ राउंड खेली गई। जे. एस. विराट आठ दशमनव पांच अंक हासिल कर स्टेट चैंपियन बने। सो जिनसन सैमुअल 8 अंकों के साथ दूसरा स्थान और आर्यमन तिवारी को तीसरा स्थान हासिल हुआ। समापन समारोह में शिक्षा एवं खेल निदेशक आदित्य सांगोत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। इस चैम्पियनशिप में शीर्ष चार खिलाड़ी दिसंबर माह में उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

डॉ. दिनेश शर्मा आज अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के चौदहवें उप–राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे– **द डेली टेलीग्राम्स** ने इस खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने भी इस खबर के अलावा वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा हिन्दी

दिवस मनाकर हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ करने के समाचार को अपने अंतिम पन्ने में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा डिगलीपुर में दो सौ सत्तर ग्राम हेरोइन जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के समाचार को अपने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जूनियर पुरूष और महिला हॉकी टीमों को एशिया कप जीतने पर बधाई देने के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

**<><><><><><><>**